# दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड

## प्रशासनिक अधिकारियों (स्केल-I – सामान्यीकृत / विशेषकृत) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

## (चरण -II) मुख्य परीक्षा

### सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

चरण-II की ऑनलाइन परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्हें चरण-I की परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया होगा।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय और वर्णनात्मक प्रश्नावलियाँ होंगी :

**सामान्यीकृत के लिए परीक्षा का स्वरूप – मुख्य परीक्षा**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | हर प्रश्नावली/भाग के लिए समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्कशक्ति | 50 | 50 | अंग्रेजी / हिंदी | 40 मिनट |
| 2 | अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | अंग्रेजी | 40 मिनट |
| 3 | सामान्य सचेतता | 50 | 50 | अंग्रेजी / हिंदी | 30 मिनट |
| 4 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 50 | 50 | अंग्रेजी / हिंदी | 40 मिनट |
| | **कुल योग** | **200** | **200** | | **150 मिनट** |
| 5 | **वर्णनात्मक परीक्षा**<br>**अंग्रेजी भाषा की परीक्षा**<br>(**पत्र लेखन** – 10 **अंक और निबंध** – 20 **अंक**) | **2** | **30** | केवल अंग्रेजी | **30** मिनट |

**विशेषकृत के लिए परीक्षा का स्वरूप – मुख्य परीक्षा**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | हर प्रश्नावली/भाग के लिए समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्कशक्ति | 40 | 40 | अंग्रेजी / हिंदी | 30 मिनट |
| 2 | अंग्रेजी भाषा | 40 | 40 | अंग्रेजी | 30 मिनट |
| 3 | सामान्य सचेतता | 40 | 40 | अंग्रेजी / हिंदी | 25 मिनट |
| 4 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 40 | 40 | अंग्रेजी / हिंदी | 30 मिनट |
| 5 | तकनीकी/व्यावसायिक ज्ञान (विशेषकृत विधा में, संबंधित शाखा का तकनीकी/व्यावसायिक ज्ञान परखने के लिए परीक्षा) | 40 | 40 | अंग्रेजी / हिंदी | 35 मिनट |
| | **कुल योग** | **200** | **200** | | **150 मिनट** |
| 6 | **वर्णनात्मक परीक्षा**<br>**अंग्रेजी भाषा की परीक्षा**<br>(**पत्र लेखन** – 10 **अंक और निबंध** – 20 **अंक**) | **2** | **30** | केवल अंग्रेजी | **30** मिनट |

परीक्षा के लिए कुल समय 180 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 240 मिनट रहना पड सकता है। अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक प्रश्नावली की अवधि अलग-अलग है। उम्मीदवार किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं। सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) अंक काट लिए जाएंगे।**

**वर्णनात्मक परीक्षा ऑनलाइन होगी। स्क्रीन पर दिखाये गये प्रश्नों के उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाईप करने होंगे।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में कुल अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है।

उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षण मूल्यांकन/साक्षात्कार के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्रत्येक खंड मे न्यूनतम स्कोर प्राप्त करने होंगे। वस्तुनिष्ठ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों के ही वर्णनात्मक उत्तर पत्रिका का मूल्यांकन किया जायेगा। रिक्तियों के अनुसार वस्तुनिष्ठ उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के अंक तय किये जाएंगे। साक्षात्कार के अर्हता के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को वस्तुनिष्ठ परीक्षा में न्यूनतम कुल स्कोर प्राप्त करना होगा और वर्णनात्मक परीक्षा में भी उत्तीर्ण होना होगा। वर्णनात्मक परीक्षा में अर्हता के लिए उम्मीदवार को 15/30 अंक प्राप्त करने होंगे। (अ.जा./अ.ज.जा. और PwBD के लिए अर्हता 13.5/30 होगी।)

**एक उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता होगी, लेकिन वर्णनात्मक परीक्षा के अंकों को साक्षात्कार या अंतिम चयन के लिए शॉर्टलिस्टिंग में नहीं गिना जाएगा।**

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।

## तर्कशक्ति की परीक्षा

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं।

प्र.1. TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरू होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

प्र.2. कुछ नेता बेईमान होते हैं। सत्यप्रिय नेता है। इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है
(3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं (4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं
(5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

प्र.3. यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाएं से तेरहवां अक्षर कौन सा होगा ?

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.5. लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है। पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.6-10. नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा। नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा।

(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए
(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए
(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंथन के बाद वाला दिन हो
(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसीसे तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए
(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

प्र.6. सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E
(4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.7. नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?

(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) शनिवार

प्र.8. नाटक D नाटकों के निम्नलिखित में से किस जोड़े के बीच है ?

(1) C एवं E (2) E एवं F (3) A एवं E (4) B एवं E (5) C एवं F

प्र.9. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक सोमवार को है ?
(1) E (2) A (3) F (4) B (5) C

प्र.10. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक B के तुरंत बाद होगा ?
(1) F (2) E (3) D (4) C (5) A

## अंग्रेजी भाषा की परीक्षा

इस परीक्षा का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है। व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी।

**Q.1-2.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

**Q.1.** Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) / No error (5)

**Q.2.** The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) / No error (5)

**Q.3-4.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

**Q.3.** Continuous unemployment has induced in the people a kind of ________ which is most depressing.
(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.4.** He wants me to look _______ his garden during his absence.
(1) at (2) over (3) after (4) into (5) from

**Q.5-10.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (5) of rights is duty. If we all (6) our duties, rights will not be (7) to seek. If leaving duties unperformed we run (8) rights, they will (9) us like an elusive person. The more we pursue them, the farther (10) they fly.

**Q.5.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.6.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.7.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.8.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

**Q.9.** (1) hold (2) grab (3) fight (4) escape (5) chase

**Q.10.** (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

## सामान्य सचेतता की परीक्षा

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है।

प्र.1. आर. के. लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?
(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) स्क्रीनप्ले लेखन
(4) फिल्म दिग्दर्शन (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.2. प्रत्येक ________ में हमारे देश में "कुंभ-मेला" आयेजित होता है।
(1) 6 वर्ष (2) 10 वर्ष (3) 12 वर्ष (4) 14 वर्ष (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का वित्तमंत्री है ?
(1) श्री अरुण जेटली (2) श्री नरेंद्र मोदी (3) श्री पी. चिदंबरम
(4) श्री अमित शाह (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. IRDA में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) Indian (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

प्र.5. प्रसिद्ध गोमटेश्वर की मूर्ती निम्न में से किस राज्य में स्थित हैं ?
(1) महाराष्ट्र (2) मध्य प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) उड़ीसा (5) कर्नाटक

प्र.6. 'ऑस्कर पुरस्कार' निम्न में से किस क्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन हेतु दिये जाते हैं ?
(1) साहित्य (2) विज्ञान और प्राद्योगिकी (3) चलचित्र (4) खेल (5) समाज सेवा

## संख्यात्मक अभियोग्यता की परीक्षा

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है।

**निर्देश :** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी। उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है। आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी। यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् ' दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य'।

**प्र.1.** $\frac{24}{65} \times \frac{13}{56} \times \frac{5}{7} = ?$

(1) $\frac{3}{49}$ (2) $\frac{15}{245}$ (3) $\frac{3}{77}$ (4) $\frac{15}{56}$ (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** (27 + 498) ÷ 25 = ?

(1) 17 (2) 25 (3) 21 (4) 12 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि 10 रूपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है तो पेन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त ग्राफों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी । सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उततर दें:

| % विभिन्न श्रेणियाँ देनेवाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.4.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.5.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.6.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## अंग्रेजी भाषा की परीक्षा – वर्णनात्मक परीक्षा

**प्र.1.** Write a letter on any **ONE** of the following:

- Write a letter to your younger brother explaining him how Insurance Sector has changed in the last decade in India.
- Write a letter to the Branch Manager of your Insurance company sharing a good experience of customer service in settling a claim (Based on year experience or reading).

**प्र.2.** Write an essay on any **ONE** of the following topics:

- Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.
- It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree? Explain.

## (अ) ऑन-लाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण: (वस्तुनिष्ठ) :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में होंगी।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है, आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :

1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

रिव्यू के लिए मार्क स्टेटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है। रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर को अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा।

(6) उत्तर देने हेतु प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

अ. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए अपने स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

ब. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

क. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए। यदि मार्क्ड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए सम्मिलित किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे। सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं। जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा।

(15) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप ऑटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे।

(16) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं।

(17) प्रत्येक प्रश्नावली की अवधि अलग-अलग है। उम्मीदवार किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार कंपनी द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(20) किसी विशिष्ट प्रश्नावली के लिये आबंटित समय के समाप्ति के बाद, उम्मीदवार न ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और न ही अपने उत्तर जांच पाएंगे।

**(21) कृपया नोट करें:**

**(अ) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा।**

**(ब) एक बार वस्तुनिष्ठ परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

## प्रश्न पत्र II का विवरण वर्णनात्मक प्रकार

1. परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है।
2. वस्तुनिष्ठ परीक्षा के स्वतः जमा होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी।
3. प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।
4. एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।
5. प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर कीबोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर टाईप करने होंगे ।

**कृपया ध्यान दें"** : टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' **(Space bar)** दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी') **Enter key** (दबाते हैं, तो 'कर्सर' ) **cursor)** अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी') **Enter key** (दबाते हैं, तो 'कर्सर' ) **cursor)** अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार **(Space bar) /** एंटर कुंजी ) **Enter key** (को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम ) **system** (उसे एक की स्ट्रोक (**single keystroke**) मानेगा (यानी कि एक स्पेस **(Space)** और एक एंटर ) **Enter** ( अगली लाइन में)

**वस्तुनिष्ठ प्रकार पेपर के दौरान 'की बोर्ड की' को क्लिक ना करें ।**

### (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) **प्रारंभिक (विधिवत अधिप्रमाणित / स्टैम्प्ड) और मुख्य परीक्षा दोनों के बुलावा पत्र के साथ फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी को विधिवत स्टेपल करके परीक्षा के अंत में जमा किया जाना चाहिए । फोटो पहचान की प्रति पर अपना पंजीकरण क्रमांक और परीक्षार्थी क्रमांक लिखना न भूलें । उम्मीदवार को निरीक्षक की उपस्थिति में ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के बुलावा पत्र और उपस्थिति पत्र पर अपने बाएं अंगूठे का स्पष्ट रूप से निशान लगाना है और हस्ताक्षर करने हैं । अभ्यर्थियों को विधिवत अधिप्रमाणित / स्टैम्प्ड चरण-I (प्रारंभिक) कॉल लेटर, फोटो पहचान प्रमाण की विधिवत अधिप्रमाणित / स्टैम्प्ड फोटोकॉपी के साथ चरण-II (मुख्य) कॉल लेटर, फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी के साथ विधिवत स्टेपल कर के लाना है । कॉल लेटर दस्तावेजों के दोनों सेटों में से किसी एक के भी बिना रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और कंपनी प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - कृपया अपने फोटोग्राफ को इस बुलावा पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है । **कृपया बुलावा पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें ।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार काउंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा ।

(7) परीक्षा स्थल पर फोटोग्राफ तथा IRIS कैप्चर किए जाएंगे। कैप्चर किए गए फोटो का मिलान अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अपलोड फोटो से किया जाएगा। आपको अपनी शक्ल आपके द्वारा अपलोड फोटो से बिलकुल नहीं बदलनी चाहिए।
**बायोमैट्रिक अंगूठा निशान के बदले IRIS स्कैन की प्रणाली शुरू की गई है। IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग / सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें:**
**(अ) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी। (दृष्टीबाधित अभ्यर्थियों के अलावा)**
**(ब) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा। अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें।**
**(क) IRIS स्कैनिंग स्पर्शरहित है। स्कैनर तथा आँख के बीच आधे फीट की दूरी रखी जाएगी।**
(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। जो उम्मीदवार नकल करते, सहायता करते या देते अथवा ऐसा व्यवहार करते, जो उम्मीदवार के लिए अनुचित हो, पाया जाता है, उसके मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जायेगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ कंपनी अपने अनुसार उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है।

(9) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपने साथ इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, दोनों बुलावा पत्र, पहचान प्रमाणपत्र की प्रतियां (दोनों चरण- I और II) पर्यवेक्षक के पास जमा करना है।

(10) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालक के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सिरे से निरस्त कर दिया जायेगा।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे कंपनी की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामले का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(14) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी से संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**
   **क. मास्क**
   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**
   **ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**
   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा बुलावा पत्र के साथ आइडी कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल आइडी कार्ड)**
   **ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में – विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**
   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।

8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

**आपको शुभकामनायें!**